

एक नजर में

## खाद विक्रेताओं को नोटिस जारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कृषि विकास मनोज कश्यप द्वारा ई-विकास पोर्टल के माध्यम से खाद का वितरण नहीं करने पर खाद विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि समयावधि में स्पष्टीरण का जबाव प्रस्तुत नहीं करने एवं संतोषजनक नहीं पाये जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश के तहत कार्यवाही कर उर्वरक लायसेंस निलंवन, निरस्त की कार्यवाही की जायेगी।**

मेसर्स संतोष दुबे लार द्वारा एक से 7 अप्रैल 2026 तक यूरिया 6 बोरी का वितरण बगैर ई-विकास पोर्टल ई-टोकन के आईएफएमएस पोर्टल पर पीओएस मशीन से बिक्रय किया गया। इसीप्रकार शिवशक्ति खाद भंडार बल्देवगढ़ द्वारा एक से 7 अप्रैल 2026 तक यूरिया 20 बोरी तथा एनपीके की 10 बोरी, द्वारकाधीश बीज भंडार बल्देवगढ़ द्वारा 3 अप्रैल 2026 को यूरिया 3 बोरी डीएपी 2 बोरी, जयंती बीज भण्डार बल्देवगढ़ द्वारा एक से 7 अप्रैल 2026 तक यूरिया 14 बोरी, एसएसपी 20 बोरी तथा जगदीश असाटी खाद भण्डार बल्देवगढ़ द्वारा एक से 7 अप्रैल 2026 तक यूरिया 4 बोरी का वितरण बगैर ई-विकास पोर्टल के आईएफएमएस पोर्टल पर पीओएस मशीन से बिक्रय किया गया।

# अधिकारी के आश्वासन के बाद भी नहीं पहुंच रहा पानी

**ठेकेदार ने जल जीवन मिशन के कार्य में सड़क की खुर्द-बुर्द**

**कलेक्टर के कहने के बाद भी लोग पेयजल के लिए परेशान**





**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़ / मोहनगढ़। मोहनगढ़ कस्बे में बीते 4 साल से जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजना का कार्य प्रगति पर है, निर्माण कार्य में ठेकेदार की निरंतर लापरवाही सामने आ रही है। जिसकी शिकायतें ग्रामीणों के द्वारा कई बार जिम्मेवारों से की गई लेकिन मोहनगढ़ कस्बे को नल से जल आज तक नहीं मिल पाया है। इतना ही नहीं बीते दिनों मोहनगढ़ में आयोजित जनसुनवाई शिविर में कलेक्टर से ग्रामीणों के द्वारा शिकायत की गई थी जिस पर कलेक्टर ने तुरंत व्यवस्थाएं सुधारने को लेकर जिम्मेवारों को मौखिक आदेश दिए थे।**

ग्रामीणों का आरोप है कि एचपी विभाग के जतारा एसडीओ और ठेकेदार की मिली भगत के कारण मोहनगढ़ में पानी की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गर्मियों का समय आ गया है पानी की बहुत बड़ी किल्लत है इसके बाद भी ठेकेदार द्वारा पानी को लेकर कोई इंतजाम नहीं किया जा रहे हैं जिससे लोग परेशान है इतना ही नहीं ठेकेदार के द्वारा सड़क के बीचों-बीच गहरी खाई खुद कर छोड़ दी गई है जिससे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक की ग्रामीणों की माने तो यहां पर आए दिन सड़क हादसे सामने आ रहे हैं।

बीते जल संसाधन विभाग के कनिष्ठ यंत्री हर्ष राय से बात की गई तो उनका कहना था कि 15 अप्रैल के पहले मोहनगढ़ की हर मोहल्ले में नल से जल पहुंच जाएगा लेकिन 15 अप्रैल बीत जाने के बाद यह सब संभव नहीं हो पाया जो मोहनगढ़ की जनता के लिए चिंता का विषय है। ग्रामीणों ने इस समस्या के निराकरण को लेकर कलेक्टर से गुहार लगाई है।पूरे मामले को लेकर पीएचई विभाग के जतारा एसडीओ हर्ष राय से दूरभाष पर बात करने की कोशिश की गई लेकिन उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया और ऐसे प्रतीत हुआ कि इस गंभीर समस्या को लेकर एसडीओ जतारा संवेदनशील नहीं है। इतना ही नहीं बीते दिनों मोहनगढ़ में आयोजित जनसुनवाई शिविर में कलेक्टर से ग्रामीणों के द्वारा शिकायत की गई थी जिस पर कलेक्टर ने तुरंत व्यवस्थाएं सुधारने को लेकर जिम्मेवारों को मौखिक आदेश दिए थे।

### गर्मी शुरू होते ही गहराने लगा जल संकट

गांव हो या शहर गर्मी आते ही जल संकट गहरा जाता है। मोहनगढ़ कस्बे में गर्मी की शुआत में ही कुछ स्थानों पर बूंद - बूंद पानी को रहवासी तरस रहे हैं। ग्रामीणों की माने तो यहां पर पिछले चार साल पहले जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने का कार्य शुरू किया गया था जो आज तक पूर्ण नहीं हो पाया यहां तक कि ठेकेदार संपूर्ण कस्बे में खुद की लाइन से पानी नहीं पहुंचा पाए कुछ दिनों पूर्व पानी की टंकी निर्माण में भी लाखों रुपए की लागत से बनी टंकी के लीकेज एवं निर्माण कार्य में की गई लापरवाही की तस्वीरें सामने आई थी। जिस ठेकेदार ने टंकी से पानी की सप्लाई बंद कर दी थी।

### पक्की सड़क को पहुंचाई क्षति

ठेकेदार के द्वारा कस्बे की पक्की सड़क क्षतिग्रस्त कर दी गई जिससे आए दिन सड़क हादसे जैसी स्थिति सामने आ रही है सड़कों की मरम्मत के साथ पानी को लेकर ठेकेदार द्वारा कोई रुचि नहीं दिखाई जा रही है। हरिराम वंशकार ने बताया कि हमारे मोहल्ले के लोग अपनी प्यास बुझाने के लिए 1 किलोमीटर दूर से पानी का इंतजाम करते हैं लंबे समय से हमारे मोहल्ले में पानी नहीं आ रहा है जिससे लोग परेशान हो रहे हैं। बीते दिनों मोहनगढ़ में जनसुनवाई शिविर में कलेक्टर से ग्रामीणों के द्वारा शिकायत की गई थी।

## तेज धूप की तपन से लोग परेशान



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जिले में पिछले तीन दिनों से गर्मी के तेवर तीखे हो गए हैं, जिससे दिन और रात के तापमान में उछाल दर्ज किया गया है। बुधवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दोपहर 12 बजे के बाद चल रही गर्म हवाओं के कारण बाजार और सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगा है।**

भू-अभिलेख कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस था, जो बुधवार तक बढ़कर 41 डिग्री पर पहुंच गया। इसी तरह न्यूनतम तापमान में भी दो डिग्री की वृद्धि हुई है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि रविवार तक अधिकतम पारा 42 डिग्री और न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है।बढ़ती गर्मी के बीच अभिभावकों ने जिला प्रशासन से स्कूलों के समय में बदलाव की मांग की है। वर्तमान में अधिकांश निजी स्कूल सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक लग रहे हैं, जिससे छुट्टी के समय बच्चों को भीषण लू का सामना करना पड़ रहा है।प्रदेश के अन्य जिलों में समय बदलकर सुबह 7.30 से दोपहर 12 बजे तक कर दिया गया है, लेकिन टीकमगढ़ में अब तक आदेश जारी नहीं हुआ है। तापमान बढ़ने के साथ ही बिजली उपकरणों के बाजार में तेजी आ गई है। लोग गर्मी से राहत पाने के लिए कूलर और एसी की खरीदारी कर रहे हैं। डॉक्टरों ने भी नागरिकों को पर्याप्त पानी पीने और दोपहर के समय सीधे धूप के संपर्क में आने से बचने की सलाह दी है। फिलहाल जिले में राहत के आसार नजर नहीं आ रहे हैं।

# एसडीएम ने अवैध नलकूप खनन के खिलाफ की कार्यवाही

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। अवैध नलकूप खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। बुधवार रात एसडीएम संस्कृति लिटोरिया ने बड़ागांव थाना क्षेत्र के हैदरपुर गांव में छापा मारकर एक बोरिंग मशीन जब्त की। यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर की गई।**

जानकारी के अनुसार एसडीएम लिटोरिया ने बताया कि रात के अंधेरे में चोरी-छिपे नलकूप खनन किया जा रहा था। मौके पर मौजूद लोगों से खनन की अनुमति मांगी गई, लेकिन उनके पास कोई वैध परमिशन नहीं थी। प्रतिबंध के बावजूद खनन पाए जाने पर मशीन को जब्त कर बड़ागांव थाने में रखा गया है।

जिले में जल संकट की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने एक सप्ताह पहले नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया था।

यह प्रतिबंध फिलहाल 15 जून तक पूरे जिले में लागू रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भू-जल स्तर को बचाने के लिए बोर खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। कलेक्टर ने यह भी बताया कि विशेष परिस्थितियों में एसडीएम और पीएचई विभाग की अनुमति लेकर खनन किया जा सकता है।



## उर्वरक के क्रय-विक्रय पर लगा प्रतिबंध

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला द्वारा एक अप्रैल के बाद ई-विकास प्रणाली से किसानों को उर्वरक वितरण नहीं कर पूर्व की भाति पीओएस मशीन से उर्वरक विक्रय किये जाने पर राजेन्द्र विपणन संघ बल्देवगढ़ का उर्वरक लायसेंस निलंबन कर क्रय-विक्रय एवं परिवहन प्रतिबंधित किया गया।**

राजेन्द्र विपणन संघ द्वारा एक अप्रैल के बाद बगैर ई-टोकन के पीओएस मशीन से एसएसपी 145 बोरी का विक्रय किया गया।

# वृद्धाश्रम में लगाया गया विधिक साक्षरता शिविर



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीणा व्यास के मार्गदर्शन में मातृ-पितृ छाया वृद्धाश्रम, मामौन में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में श्रीमती सुनीता गोयल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अनुज कुमार चंसौरिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी टीकमगढ़ द्वारा वृद्धाश्रम में उपस्थित वृद्धजन को उनके अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण अधिनियम, 2009 के बारे जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय परम्परा के मूल्य वयोवृद्ध व्यक्तियों के मानव अधिकारों पर जोर देते हैं। इनमें बुजुर्गों की देखभाल प्रमुख रूप से शामिल है। नालसा वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा योजना 2015 के बारे में जानकारी देते हुए निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी प्रदान की और कार्यक्रम के पश्चात वृद्धजन को स्वल्पहार उपलब्ध कराया गया।

## 49 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। आयुक्त मध्य प्रदेश शासन के आदेशानुसार तथा कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ विनोद कुमार के मार्गदर्शन में आज पोषण पखवाड़े के अंतर्गत शासकीय आयुर्वेद औषधालय मैदवारा के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र पर 49 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क आयुर्वेद दवा का वितरण किया गया, जिसमें 0 से 5 वर्ष के 18 बच्चे रहे।**

शिविर में मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को सलाह दी गई एवं योग की जानकारी दी गई। शिविर में डॉक्टर अमित अहिरवार, कंपाउंडर लखन लाल अहिरवार, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता मिथिला चौरसिया योग प्रशिक्षक, सहायक, पीटीएस, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उर्मिला साहू का सहयोग रहा।

# किन्नर विवाद मामले में दूसरे पक्ष ने की शिकायत

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में कोतवाली में किन्नरों के दो पक्षों के बीच गद्दी क्षेत्रीय अधिकार को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। दोनों पक्ष शहर में अपनी-अपनी गद्दी होने का दावा कर रहे हैं, जिसके चलते कोतवाली में शिकायतें दर्ज कराई गई हैं।**

बुधवार को बबली किन्नर ने अपने साथियों के साथ कुछ लोगों पर मुस्लिम अपनाने और शहर में जबरन वसूली करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। इसके जवाब में, गुरुवार को भोपाल से आईं किन्नर जगत गुरु काजल ठाकुर ने तनु किन्नर के पक्ष में कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। काजल ठाकुर ने दावा किया कि बबली किन्नर को बड़ागांव की गद्दी मिली है और टीकमगढ़ से उनका कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि टीकमगढ़ की गद्दी तनु किन्नर की है। काजल ठाकुर ने यह भी चेतावनी दी कि यदि उनके किन्नरों के साथ मारपीट की गई, तो वे 5 हजार किन्नरों के साथ प्रदर्शन करेंगी।

उन्होंने दोनों पक्षों से आपसी सहमति से रहने और लड़ाई-झगड़ा न करने की अपील भी की। कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतें दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सभी पहलुओं की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी और दोनों पक्षों को शांति बनाए रखने की हिदायत दी गई है। किन्नरों के दो पक्षों के बीच गद्दी क्षेत्रीय अधिकार को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। दोनों पक्ष शहर में अपनी-अपनी गद्दी होने का दावा कर रहे हैं, जिसके चलते कोतवाली में शिकायतें दर्ज कराई गई हैं।




# बोर्ड परीक्षा परिणाम में पलेरा के होनहार रहे अव्वल

**नगर के दो छात्रों ने अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन**

**कलेक्टर ने सभी बच्चों को किया सम्मानित**

**नवभारत न्यूज, पलेरा। मध्य प्रदेश 10वीं बोर्ड परीक्षा के परिणामों में पलेरा के होनहारों ने सफलता का नया इतिहास रचा है। नगर की कशिश नाज और तरुण गुप्ता ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची मेरिट में छठवां स्थान प्राप्त कर पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। दोनों ही छात्रों ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।**

सिर्फ कशिश और तरुण ही नहीं, बल्कि नगर के अन्य बच्चों ने भी टॉप-10 में अपनी जगह पक्की की है आसिफा बानो 98.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में 8वां स्थान चमन रजा 98 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में 10वां स्थान निवेदिता खटीक 90प्रतिशत अंक हासिल कर शानदार प्रदर्शन किया। सफलता के बाद अपनी खुशी साझा करते हुए कशिश नाज ने बताया कि वे भविष्य में प्रोफेसर बनकर शिक्षा की अलख जगाना चाहती हैं। वहीं तरुण गुप्ता और चमन रजा ने इंजीनियरिंग के क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छा जताई है। आसिफा बानो ने नीट और जेईई की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प लिया है। सभी विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया है। छात्रों की इस गौरवशाली उपलब्धि पर टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने सभी बच्चों को बुलाकर मिठाई खिलाई और फूल-मालाओं से उनका आत्मीय स्वागत किया। कलेक्टर ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। वहीं, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुनील खटीक उपाध्यक्ष ने भी मेधावी छात्र-छात्राओं के घर पहुँचकर उन्हें प्रशस्ति पत्र, फूल-माला और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया।

उन्होंने संस्था के प्राचार्य कौशल राजपूत को भी इस सामूहिक सफलता के लिए बधाई दी। मध्य प्रदेश 10वीं बोर्ड परीक्षा के परिणामों में पलेरा के होनहारों ने सफलता का नया इतिहास रचा है। नगर की कशिश नाज और तरुण गुप्ता ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची मेरिट में छठवां स्थान प्राप्त कर पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। दोनों ही छात्रों ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



बैठक ▶ क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने के दिए निर्देश

# पलेरा में विधायक की बैठक में अधिकारी-कर्मचारी रहे शामिल



**नवभारत न्यूज, पलेरा। पलेरा नगर के लिए गुरूवार का दिन ऐतिहासिक रहा। नगर परिषद एवं जनपद सभागार में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान खरगापुर विधायक श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर और नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती गायत्री विनोद वर्मा ने नगर को विकास कार्यों की अनेक सौगातें दीं। वहीं विधायक ने अपने क्षेत्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की एक बैठक लेकर उन्हे आवश्यक दिशा निर्देश दिए।**

कार्यक्रम की शुरुआत खंड स्तरीय समीक्षा बैठक से हुई, जिसमें विधायक ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ क्षेत्र की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए और विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। बैठक में एसडीएम और तहसीलदार सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा बैठक के पश्चात विधायक और नगर परिषद अध्यक्ष ने नगर परिषद द्वारा जनहित में कराए जाने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। साथ ही, पूर्ण हो चुके विकास कार्यों का लोकार्पण कर उन्हें जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर विधायक चंदा सुरेंद्र सिंह गौर ने कहा कि पलेरा नगर का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है और आने वाले समय में यहाँ सुविधाओं का और विस्तार किया जाएगा।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती गायत्री विनोद वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परिषद नगर की स्वच्छता और सुंदरीकरण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक अमला और समस्त विभागों के कर्मचारी मुस्तैद रहे। पलेरा नगर के लिए का दिन ऐतिहासिक रहा। नगर परिषद एवं जनपद सभागार में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान खरगापुर विधायक श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर और नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती गायत्री विनोद वर्मा ने नगर को विकास कार्यों की अनेक सौगातें दीं। विधायक ने अपने क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारियों को शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### नगर की स्वच्छता के हो रहे निरंतर प्रयास

बैठक में एसडीएम और तहसीलदार सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा बैठक के पश्चात विधायक और नगर परिषद अध्यक्ष ने नगर परिषद द्वारा जनहित में कराए जाने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। साथ ही, पूर्ण हो चुके विकास कार्यों का लोकार्पण कर उन्हें जनता को समर्पित किया।नगर की स्वच्छता और सुंदरीकरण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

## नारी शक्ति वंदन में कार्यक्रम संपन्न

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** नारी शक्ति बंदना कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के ऊदल सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में परियोजना ग्रामीण अंतर्गत सेक्टर तखा के ग्राम पंचायत तखा में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम एवं पोषण पखवाड़ा बड़े उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में क्षेत्र की बालिकाओं एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें उन्होंने गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए नारी सशक्तिकरण एवं पोषण संबंधी संदेश दिए। रैली के दौरान नारी शक्ति जिंदाबाद, स्वस्थ नारी स्वस्थ परिवार जैसे प्रेरणादायक नारे लगाए गए।

# डीईओ के खिलाफ कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**नवभारत न्यूज, खरगापुर। जिले के एक अतिथि शिक्षक ने जिला शिक्षा अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में अधिकारी पर गाली-गलौज करने, मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और नौकरी से निकालने की धमकी देने जैसे आरोप लगाए गए हैं।**

आवेदनकर्ता सद्देव यादव जो शासकीय प्राथमिक शाला मनगुवा में अतिथि शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं, ने बताया कि 28 अक्टूबर 2025 को जिला शिक्षा अधिकारी हनुमंत सिंह चौहान द्वारा उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, जिसका ऑडियो भी उनके पास मौजूद है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बाद से लगातार उन पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है, जिससे वे मानसिक तनाव में हैं। यादव का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और मीडिया के समक्ष भी शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे निराश होकर उन्होंने कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि अधिकारी द्वारा की जा रही कथित प्रताड़ना का असर उनके परिवार पर भी पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस मामले में अब प्रशासन की ओर से क्या कदम उठाए जाते हैं, इस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

जिले के एक अतिथि शिक्षक ने जिला शिक्षा अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में अधिकारी पर गाली-गलौज करने, मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और नौकरी से निकालने की धमकी देने जैसे आरोप लगाए गए हैं।